भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 3027 #

गुरूवार, 13 अगस्त, 2026/22 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पूर्वांचल क्षेत्र में पर्यटन विकास

3027 # श्रीमती दर्शना सिंहः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में जिला-आधारित पर्यटन विकास अभियान के अंतर्गत चंदौली सहित पूर्वांचल क्षेत्र के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए एक विशेष कार्य-योजना तैयार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या चंदौली के राजदरी-देवदरी जलप्रपात, चंद्रप्रभा वन्यजीव अभ्यारण्य और अन्य पर्यटन स्थलों को वाराणसी, सारनाथ, विंध्याचल तथा प्रयागराज से जोड़ते हुए एक पर्यटन सर्किट विकसित करने का प्रस्ताव है; और

(ग) इस पहल के माध्यम से स्थानीय रोजगार, ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद), हस्तशिल्प और पर्यटन-आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पूर्वांचल क्षेत्र के पर्यटन स्थलों सहित अन्य पर्यटन स्थलों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0), 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - एसडी 2.0 की उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी मौजूदा योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, उनके द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता, सरकारी निर्देशों, पस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

स्वदेश दर्शन योजना को शुरू में विषयगत पर्यटन परिपथों के एकीकृत विकास के लिए डिज़ाइन किया गया था। स्वदेश दर्शन 2.0 के संशोधित स्वरूप में एक गंतव्य-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसमें सतत और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करने पर फोकस किया गया है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास' नामक योजना के तहत पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वर्ष 2024-25 में वित्तीय सहायता भी प्रदान की है।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत नई परियोजनाओं का अनुमोदन एक सतत प्रक्रिया है। पूर्वांचल क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से सभी राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को पर्यटन संबंधी गतिविधियों में स्थानीय समुदाय को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जहां स्थानीय लोगों को होमस्टे, गाइडिंग सेवाओं और हस्तशिल्प सहित स्थानीय उत्पादों की बिक्री के माध्यम से रोजगार के अवसर मिलते हैं। यह स्थानीय स्तर पर आय उत्पन्न करने और रोजगार सृजन में भी मदद करता है। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय भारत का एक समग्र पर्यटन गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है। मंत्रालय सोशल मीडिया, वेबसाइटों और मेलों तथा प्रदर्शनियों आदि में भागीदारी जैसे विभिन्न माध्यमों से उत्तर प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भी संवर्धन करता है।

****

अनुबंध

श्रीमती दर्शना सिंह द्वारा पूर्वांचल क्षेत्र में पर्यटन विकास के संबंध में दिनांक 13.08.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3027 # के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(i) उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	बौद्ध 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89
2.	रामायण 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45
3.	आध्यात्मिक 2016-17	आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास	71.91
4.	आध्यात्मिक 2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा- गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास	67.51
5.	विरासत 2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	36.65
6.	रामायण 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21
7.	आध्यात्मिक 2018-19	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	12.03
8.	आध्यात्मिक 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30

(ii) उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	नैमिषारण्य	वैदिक - आरोग्य का अनुभव	05.03.2024	17.8

2.	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल अनुभव	05.03.2024	14.52

(iii) उत्तर प्रदेश राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)- एसडी 2 .0 योजना की एक उप-योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

क्र. सं.	गंतव्य/श्रेणी	अनुभव का नाम	स्वीकृति तिथि	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	महोबा (संस्कृति एवं विरासत)	महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास	27.03.2025	24.98

(iv) उत्तर प्रदेश राज्य में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)- वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	2024-25	आगरा जिले में बटेश्वर का विकास	74.05
2.	2024-25	श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास	80.24

(v) उत्तर प्रदेश राज्य में 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1	2015-16	वाराणसी का विकास - चरण-I	18.73
2	2014-15	मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	10.98
3.	2017-18	गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	9.02
4.	2014-15	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	9.36
5.	2017-18	वाराणसी का विकास - चरण II	44.60
6.	2018-19	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	37.59

*****